# हाथी दांत काट ले जाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ ।** दिनांक 29 मार्च 2021 की सुबह वन अमले को सूचना मिली कि एक जंगली हाथी ग्राम कंचिरा के जंगल कक्ष क्रमांक 707 आर एफ में मरा पड़ा है। वरिष्ठ अधिकारी गण मौके पर पहुँचे। शाम होने के कारण 29 मार्च 2021 को कार्य स्थगित रहा। 30 मार्च 2021 की सुबह से मौके का वरिष्ठ अधिकारी गण एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया तो स्पष्ट हुआ कि मृत जंगली हाथी नर है एवं पहाड़ी से संतुलन खोकर फिसल कर गिरने से वह बुरी तरह चोटिल हो गया एवं एक दो दिनों तक लगातार उठने की कोशिश करते हुए पेट के बल बैठ कर मृत हो गया। उसके दोनों दांत को अज्ञात अपराधियों द्वारा काट ले जाया गया था जिसकी पता साजी प्रारंभ की गई। इसमें वनमंडल अंबिकापुर वन परिक्षेत्रा कमलेश्वरपुर के वन अमले एवं वरिष्ठ अधिकारियों का भी पूर्ण सहयोग लिया गया। 31 मार्च 2021 को ग्राम डांड़केसरा से प्रारंभिक पूछताछ हेतु 06 व्यक्तियों को लाया गया। 01 अप्रैल 2021 की सुबह से ग्राम छपराडांड़ से तीन व्यक्तियों को पूछताछ हेतु लाया गया। वन विभाग द्वारा जांच के बढ़ते दबाव के कारण अपराधियों की हिम्मत टूटी और उनमें से किसी ने चोरी किये गए दांत को जंगली हाथी के मृत्यु स्थल की ओर जाने वाले ललेया से छपराडांड़ मार्ग पर एक प्लास्टिक में डाल कर रख दिया। जिसकी 02 अप्रैल 2021 को जप्ती की गई। जप्ती स्थल पर स्नीफर डॉग को जप्त किये गए जंगली हाथी के दांत को सुंघा कर छोड़ दिया गया तो वह भागते हुए लगभग 250 मीटर दूर स्थित भागेश्वर वल्द रघुनाथ के घर में घुस गया एवं जोर से भौंकने लगा। दीना वल्द बुधराम, धनेश्वर वल्द बंधन, बरातु वल्द एतवा, शिया वल्द भिनु, बली वल्द दलू राम सभी निवासी डांड़केसरा एवं भागेश्वर वल्द रघुनाथ निवासी ललेया को पूछताछ के लिये लाया गया। आरोपी दीना वल्द बुधराम उम्र-30 वर्ष डांड़केसरा थाना कमलेश्वरपुर द्वारा जानकारी दी गई कि उसने अन्य तीन साथियों राजकुमार वल्द बंधन उम्र 30 वर्ष साकिन डांड़केसरा थाना कमलेश्वरपुर जिला सरगुजा छ.ग., जगनारायण उर्फ गुडन वल्द बुधराम उम्र-21 वर्ष साकिन डांड़केसरा थाना कमलेश्वरपुर एवं देवान वल्द बंधन उम्र-21 वर्ष साकिन डांड़केसरा थाना कमलेश्वरपुर जिला सरगुजा के साथ मिल कर भागेश्वर वल्द रघुनाथ उम्र 57 वर्ष साकिन ललेया थाना कमलेश्वरपुर जिला सरगुजा छ.ग द्वारा पैसे का लालच दिये जाने पर हाथी दांत को काटा था। भागेश्वर वन परिक्षेत्रा कमलेश्वरपुर द्वारा उसके ग्राम से लगे जंगल में किये गए मिश्रित रोपण का सुरक्षा चौकीदार है।

उक्त रोपण क्षेत्रा जंगली हाथी के मृत्यु स्थल से आधे से एक किमी. की दूरी पर ही है। दीना ने बयान दिया कि राजकुमार ने उसे बताया था कि भागेश्वर ने उसे कहा है कि एक हाथी रायगढ़ जिले के जंगल में मरा पड़ा है। उसके हाथी दांत को निकाल कर मुझे लाकर दोगे तो दो हजार रूपये दूंगा। होली के दिन 29 मार्च 2021 को हमने हाथी दांत को काटा और मुड़ेरा नाले में धोकर राजकुमार के घर लाये उसमें सरसों का तेल डाले ताकि गंध ना आये। राजकुमार के घर में ही चूल्हे के पास एक गढ्ढा खोद कर हाथी दांत को उसमें डाल कर मिट्टी पाट दिये। वन विभाग के द्वारा जॉच बढ़ता देख उसे मुड़ेरा नाले में छिपा दिये। 01 अप्रैल 2021 की रात 10 बजे भागेश्वर के घर जाकर उसके हाथ में देकर आ गये और शर्त अनुसार पैसे मांगने लगे किन्तु भागेश्वर ने कहा की मामला खत्म होने दो फिर दूंगा। भागेश्वर ने हाथी दांत को रात भर घर में रखा किंतु जॉच का दबाव देख कर हाथी दांत को सूर्योदय से पहले ही ललेया-छपराडांड़ मार्ग पर उसे रख दिया जहॉं से वन अमले ने हाथी दांत को 02 अप्रैल 2021 को जप्त किया था। इसमें से भागेश्वर वल्द रघुनाथ, दीना वल्द बुधराम, राजकुमार वल्द बंधन एवं जगनारायण वल्द बुधराम की पूछताछ उपरांत गिरफ्तारी 04 अप्रैल 2021 को की गई है एवं न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। एक अन्य आरोपी एवं अन्य साक्ष्यों की जॉच पड़ताल जारी है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बुखार को हल्के में लेना पड़ सकता है भारी

**रायगढ़ ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी से मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ निवासी 24 वर्ष महिला जिसे 28 मार्च 2021 को तेज बुखार आया, तो उसने स्वयं से ही मेडिकल स्टोर से पैरासीटामॉल खरीदकर खा लिया और ईलाज हेतु किसी भी डॉक्टर के पास नहीं गई, उसे 01 अप्रैल 2021 को कमजोरी महसूस हुई और चक्कर आने लगा तो जिला चिकित्सालय लाया गया वहां से मेडिकल कालेज लाया गया। वहां पर उसे आइसोलेशन वार्ड में रखकर इलाज किया गया तथा महिला का कोविड सैंपल लिया गया। जिसमें वह पॉजीटिव आई थी। वहां ईलाज के दौरान ही 02 अप्रैल 2021 को उसकी मृत्यु की दुखद खबर आई। सुझाव-अभी कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। अतः स्थिति को देखते हुए किसी भी प्रकार के सर्दी, बुखार, खांसी, हाथ-पैर दर्द, कमजोरी, उल्टी, दस्त, सूंघने की क्षमता कम होना, स्वाद न लगना आदि को साधारणतः न लेते हुये स्वयं से कोरोना जाँच के लिये आगे आए और अपने सेहत की सुरक्षा करें।

### दो मोटरसाइकिल आपस में भिड़ी,एक की मौत, 304 ए के तहत अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार बाईक सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई। जिसके चलते स्पलेण्र सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसारी 27 मार्च को रात 09 बजे तेज रफ्तार एवेंजर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एई 2459 का चालक लापरवाही पूर्वक बाईक चलाते हुये सामने से आ रही स्पलेण्डर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एनजी 9867 से जा रहे पंकज निर्मलकर 22 वर्ष पिता स्व.संतोष निर्मलकर को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते उसे गंभीर हालत में मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने एवेंजर चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महिला को दी अश्लील गालियां, आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा (आरएनएस)।** सोशल मीडिया पर बदनाम करने के लिए एवं महिला के मोबाइल नंबर को अपलोड कर कामोत्तेजक बातें लिखने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है। पीड़ित महिला ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट लिखाई थी कि राहुल राज नामक व्यक्ति 2 माह से फोन पर अश्लील गालियां, गंदी-गंदी बातें कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर भी गंदी बातें बोलकर बदनाम करता है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 506, 506 ,2 509 ख भादवि तभा आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत अपराध दर्ज किया गया। टीआई दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में आरोपी की तलाश शुरू हुई तो निहारिका क्षेत्र में छिपे होने का पता चला। एसआई हेमंत पाटले, लालन पटेल, एएसआई बीपी खांडेकर, आरक्षक दीपेश प्रधान, विक्रम नारंग व देवेन्द्र राजपूत ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अपराध कबूल करने उपरांत गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

### आजाद चौक थाना अंतर्गत करबला तालाब शीतला/शनि मंदिर के सामने कंटेनमेंट जोन घोषित

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर एंव जिला दण्डाधिकारी, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन और कोविड-19 की रोकथाम एवं नियंत्रण संबंधी दिशा निर्देशों के अनुरूप जिला रायपुर में नगर पालिका निगम रायपुर के जोन क्रमांक 07 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद वार्ड क्षेत्र अंतर्गत करबला तालाब शीतला/शनि मंदिर के सामने (थाना-आजादचौक) को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। कंटेनमेंट जोन की परिसीमाएं पूर्व में करबला तालाब शनि मंदिर के सामने, पश्चिम में जलन्स 14 रिसायकल मार्ग और उत्तर में प्रेमलता निवास चौबे कॉलोनी तथा दक्षिण में शीतला मंदिर के सामने तक निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि यहां 5 से अधिक नए कोरोना पॉजिटिव केस पाए गए है।

### निर्माणधीन मकान का ताला तोड़कर 07 बंडल बिजली तार चोरी,अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** निर्माणधीन मकान का स्टोर रुम का ताला तोड़कर 07 बंडल बिजली वायर को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट मुजगहन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार 54 सी कांदूल रोड,वेदांता सिटी निवासी जनार्दन चौबे ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वेदांता सिटी कांदूल रोड मकान निर्माण करवा रहा है।

# 3 ट्रकों में लोड 18 लाख कीमती 54 टन अवैध कबाड़ जब्त

**» ओडिसा से पूंजीपथरा लाये जाने की सूचना पर प्तपूंजीपथरा पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

**रायगढ़।** अवैध कबाड़ पर कार्यवाही कर चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने के पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा कबाड़ के अवैध परिवहन पर आज तीन बड़ी कार्यवाही की गई है, पूंजीपथरा टीआई कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा ओड़िसा से पूंजीपथरा लाई गई तीन ट्रकों को सराईपाली व तराईमाल के पास मुखबिर सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया है, तीनों ट्रकों से लोहे का छड़, एंगल, चादर के टुकड़े लोड़ था, तीनों ट्रकों के कबाड़ का वजन करीब 54.5 टन, कीमती 18,06,840 रूपये का है । वाहन चालकों पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है ।



जानकारी के मुताबिक आज दिनांक 04.04.2021 को थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को मुखबिर से अवैध कबाड़ परिवहन की सूचना मिली । सूचना पर कार्यवाही के लिये तीन पार्टी उप निरीक्षक एम.डी. जायसवाल, सहायक उपनिरीक्षक विजय कुमार एक्का एवं सहायक उप निरीक्षक आशीष रात्रे के हमराह आरक्षक बालचंद राव, धर्मेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र कुमार कंवर, विद्याधर सिदार की बनाई गई । दोपहर में सराईपाली एवं तराईमाल के पास पुलिस की जांच को देख वाहन चालकों को वाहन छोड़ भागने लगे, जिन पर पुलिस को संदेह हुआ और उन्हें पकड़कर पूछताछ करने पर ओडिसा से स्क्रैप लेकर आना बताये ।

वाहन चालक -1. ज्ञानरंजन सामल पिता सरिया सामल 30 साल निवासी उपशाही थाना बलयंता जिला खुरदा ओडिसा 2. अमीय कुमार नायक पिता हरिनायक 33 साल कुम्भर स्ट्रीट जयपुर थाना जयपुर जिला कटक ओडिसा 3. विरेन्द्र कुमार पिता भिखारी कुंवर 44 साल निवासी लबनसेन थाना बुडराज जिला जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल मुकाम जगतपुर रायगढ़ से पूछताछ पर ओडिशा से माल (कबाड़) लेकर आना बताए, कबाड़ परिवहन को लेकर कोई वैध कागजात एवं संतोषजनक जवाब नहीं देने पर सम्पत्ति चोरी का होने के संदेह पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ट्रक समेत कबाड़ जप्त कर वाहन चालकों के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है ।

# नक्सलियों के विरूद्ध आपरेशन जारी रहेंगे - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नक्सलियों के विरूद्ध सुरक्षा बलों के आपरेशन जारी रहेंगे, नक्सलियों के प्रभाव क्षेत्र में कैम्पों की स्थापना का कार्य तेजी से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज रायपुर वापस लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से बीजापुर में पुलिस-नक्सल मुठभेड़ की घटना के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़ाई में हमारे जवानों की शहादत हुई है, लेकिन वे बहादुरी से लड़े हैं। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सुरक्षा बल बुलंद हौसलों के साथ नक्सलियों से उनकी मांद में घुसकर लड़ाई लड़ रहे हैं। बीजापुर में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई इस लड़ाई में नक्सलियों का काफी नुकसान हुआ है। हमें जानकारी मिली है कि नक्सली 4 ट्रेक्टर में भरकर घटना स्थल से मृत एवं घायल नक्सलियों को ले गए। उन्होंने कहा कि 4 घंटे तक चली इस लड़ाई के दौरान सुरक्षा बलों के हौसलें बुलंद थे और उन्होंने नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्र में अंदर घुसकर बहादुरी से लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का प्रभाव लगातार सिमट रहा है और उनका असर अब केवल एक बहुत सीमित क्षेत्र में रह गया है। इससे बौखलाकर वो अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए इस तरह की घटनाएं कर रहे हैं।

# घर में मृत अवस्था में मिली महिला पुलसि ने किया हत्या का मामला दर्ज

**रायगढ़।** थाना धरमजयगढ़ अन्तर्गत ग्राम साजापाली में रहने वाले चन्द्रसाय राठिया पिता पंचराम राठिया उम्र 48 वर्ष द्वारा दिनांक 03.04.2021 को थाना धरमजयगढ़ में उसकी पत्नी चन्द्रवती राठिया (45 साल) की घर अंदर मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना दिया । सूचना पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अंजना केरकेट्टा, उप निरीक्षक प्रवीण मिंज व हमराह स्टाफ घटनास्थल ग्राम साजापाली पहुंचे, शव पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोर्स्टमार्टम कराया गया । घटना के संबंध में मर्ग क्रमांक 26/2021 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया गया । शार्ट पीएम रिपोर्ट पर मृतिका कि मृत्यु होमोशायडल नेचर लेख किये जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध दिनांक 03.04.2021 को अप.क्र. 70/2021 धारा 302 ताहि कायम कर विवेचना में लिया गया है ।

मृतिका के पति ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 02/04/2021 के प्रातः घर के सभी लोग महुआ बीनने चले गये थे । उसकी पत्नि श्रीमति चन्द्रावती राठिया (मृतिका) भी डोंगाघाट महुआ बीनने गयी थी जो महुआ लेकर सुबह करीब 10.30 बजे घर आयी । दोपहर करीब 03.00 बजे छोटा भाई खेत में आकर चन्द्रावती के घर में गिरे पड़े होना बताने पर घर जाकर देखा और चन्द्रावती को आवाज देकर हिलाकर व पल्टाकर देखा तो चेहरे में सिर, कपाल तरफ चोट व खुन निकला हुआ दिखा, फौत हो चुकी थी । धरमजयगढ़ पुलिस हत्या का अपराध दर्ज कर सभी पहलूओं पर परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ किया जा रहा है ।

# पत्नी की लोहे के बिंधना से सिर पर मारकर हत्या आरोपी गिरफ्तार, लैलूंगा के ग्राम सोनाजोरी की घटना

**रायगढ़।** थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम सोनाजोरी में रहने वाले गुनु एक्का उम्र 55 वर्ष द्वारा आज दिनांक 04.04.2021 को उसकी लड़की हीरमती उम्र 28 वर्ष की उसके पति बुधियार साय एक्का 35 वर्ष द्वारा दिनांक 03.04.2021 के दोपहर झगड़ा विवाद कर लोहे के बिंधना से सिर में मारकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।


जानकारी के मुताबिक हीरमती का विवाह लगभग 15 साल पहले सोनाजोरी बुधियार साय एक्का के साथ हुआ था, दोनो रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करते थे । दोनो के दो लडके हैं । बुधियार शराब पीकर उसकी पत्नी से झगड़ा मारपीट करता था, दिनांक 03.04.21 के दोपहर करीब 2.30 बजे बुधियार उसकी पत्नी हीरमती को मारपीट रहा था, रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर पडोसी जाकर देखे । बुधियार दरवाजा नहीं खोल रहा था, तब दरवाजा को लात मारकर खोले ।



अंदर देखें बुधियार एक्का हाथ में लोहे का बिंधना लिये खुन से लतपत हालत में खडा था, जमीन में हीरमती गिरी पडी थी, जिसे लैलूंगा अस्पताल लेकर गये । डाक्टर द्वारा आहिता को रायगढ ले जाने के लिये कहने पर रायगढ लेकर गये थे, जहां हीरमती की मृत्यु हो गई । थाना कोतवाली पुलिस शव का पंचनामा करके पोस्टमार्डम कराया गया । थाना लैलूंगा में आरोपी बुधियार साय एक्का पिता शनिचरी एक्का उम्र 35 साल नया बरदरहा सोनाजोरी थाना लैलूंगा के विरूद्ध अप.क्र. 108/2021 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है ।

# महिलाओं को स्वावलंबी व स्किल्ड बनाने आय मूलक गतिविधियों से जोड़े-कलेक्टर भीम सिंह

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह कल कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आजीविका मूलक कार्यों से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि समूह के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को विभिन्न आय मूलक गतिविधियों से जोड़े ताकि वे स्किल्ड हों और स्वावलंबी बने। कलेक्टर सिंह ने जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के विभिन्न गौठानों में बनाये जा रहे मल्टी एक्टिविटी सेंटर में चिन्हांकित गतिविधियों की जानकारी ली। विकासखण्डवार कार्यक्रम अधिकारियों ने गौठानों में की जा रही आजीविका मूलक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने समूहों के कार्य को व्यवस्थित करने तथा स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से ज्यादा फायदेमंद गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। चिन्हांकित गतिविधियों से जुड़ी ट्रेनिंग देने तथा संसाधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने गोठानों को इंडस्ट्रीज से टाईअप करने को कहा। जिससे वहां से तैयार उत्पाद के लिए स्थानीय स्तर पर एक बाजार तैयार हो।



कलेक्टर सिंह ने घरघोड़ा में एनटीपीसी तलाईपाली के माध्यम से महिलाओं को ट्रेनिंग दिलवाने के निर्देश दिए। जिससे महिलायें उद्योग श्रमिकों की ड्रेस सिलाई का कार्य कर सके।

**वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों को करें लाभान्वित-** उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं उससे पूर्व तथा 2020-21 के कुल वन अधिकार पट्टा हितग्राहियों के मनरेगा अंतर्गत किये कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों को अधिक से अधिक मनरेगा से स्वीकृत किये जा सकने वाले कार्यों के माध्यम से लाभान्वित करना है। जिससे वे आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़ सके।

उन्होंने जनपद पंचायतवार बने वनधन केन्द्रों तथा वहां संचालित एक्टिविटी की जानकारी ली। सभी वन धन केन्द्रों में पानी, बिजली, शौचालय की व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित विभागों को वित्तीय वर्ष की उपलब्धि एवं आने वाले वर्षो में क्या लक्ष्य है उसकी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने रेशम विभाग में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। इस मौके पर उप संचालक रेशम कंवर ने जानकारी दी कि 160 हेक्टेयर में अर्जून, साजा के पौधे तैयार किये जा रहे है। जिसमें 6 लाख 56 हजार पौधे लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 7 लाख 80 हजार पौधे तैयार है।

**जिले में ही करना है आंगनबाड़ी केन्द्रों में सप्लाई के लिये अंडे का उत्पादन-** इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने पशुपालन विभाग के कार्यों के चर्चा के दौरान जिले में मुर्गी पालन को बढ़ावा देकर अंडे के उत्पादन को बढ़ाने के निर्देश दिए जिससे कि जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में सप्लाई किये जाने वाले अंडों का उत्पादन जिले में ही हो। उन्होंने विभागीय योजनाओं के माध्यम से मछली पालन के कार्य में वृद्धि लाने के निर्देश दिए। सामुदायिक बाड़ी विकास तथा पड़ती भूमि पर खेती के कार्यों को भी व्यापक स्तर पर करने के लिए कहा। जिससे लोगों की आय में वृद्धि हो।

**पुराना गोबर बाहर नहीं रखें-** कलेक्टर सिंह ने गोधन न्याय योजना से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किन-किन गोठानों में गोबर खरीदी हो रही है या नहीं उसकी सूची जारी करें। हर महीने की 10 तारीख तक गोठानों में जो भी शिकायतें है उसे प्रस्तुत करें। उन्होंने ग्रामीण सहित शहरी इलाकों में आज से एक महीना पुराना गोबर बाहर नहीं रखने के निर्देश दिये। उन्होंने वर्मी पिट स्थिति की भी जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ रवि मित्तल, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, जनपद सीईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पारिवारिक जमीन विवाद को लेकर भतीजे पर टांगी से हमला

**तमनार के ग्राम झरना की घटना, आरोपी पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज**

**रायगढ़।** रविवार को थाना तमनार में बृषभानू प्रसाद राठिया पिता विजय राम राठिया उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम झरना द्वारा पारिवारिक विवाद पर इसके लड़के देवनारायण राठिया (38 साल) के इसका छोटे भाई भानू राठिया (50 साल) द्वारा हत्या की नियत से टांगी से मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 114/2021 धारा 294, 506, 452, 307 भादंवि दर्ज किया गया है ।

रिपोर्टकर्ता बताया कि करीब 05-06 माह पहले से छोटे भाई भानू राठिय से जमीन का विवाद है, भानू राठिया कहता है कि जमीन जयदाद का बटवारा अपने लडकों के बीच में कर दो जिसे जीते तक नहीं करूंगा बोला तो भानू राठिया बातचीत नही चलता है पर हमेशा शराब पीकर गाली गलौच करता है और घर परिवार को जान से मारने की धमकी देते रहता है ।

दिनांक 03/04/2021 के शाम भानू राठिया शराब पीकर घरवालों को मारपीट की धमकी दे रहा था , जिसे सुनकर सभी चौकन्ना होकर थे कि रात को देवनारायण राठिया अपने मामा सहदेव राठिया के साथ घर के गली में अगल बगल खाट में सोया था जिसे आज भोर करीब 04/00 बजे भानू राठिया घर घुसकर देव नारायण को टांगी से गर्दन एवं पीठ के पीछे मारा देव नारायण का मामा भानू को मारपीट करने से बीच बचाव किया, झगड़ा विवाद की आवाज सुनकर घरवाले जाग गये।

भानू राठिया मौके से भाग गये । आहत को तमनार हास्पीटल में भर्ती कराय गया । घटना के बाद से आरोपी फरार है, तमनार पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही है , जिसके शीघ्र गिरफ्तार किये जाने की सम्भावना है।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480